# कार्यालय अधिष्ठाता
# गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर, म.प्र.

## (प्रथम ऑनलाईन निविदा आमंत्रण)

## निविदा वर्ष 2026–2027

**गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग में स्थापित एम.आर.आई. मशीन के साथ संलग्न सी.आर. मशीन (मेक–केयरस्ट्रीम) में उपयोग होने वाली सी.आर./एक्सरे फिल्मों के क्रय के लिये दर अनुबंध**

**ई–निविदा फार्म**

**कीमत रूपये 2,000/–**

**(रूपये दो हजार मात्र)**

**वापिसी योग्य नही (Non Refundable)**

**ई–निविदा क्रमांक–11775–1/25/03/2054**

**निविदा आई.डी.–2026_DME-494544_1**

**निविदा का अनुमानित मूल्य– रूपये 25 लाख**

# DATE SCHEDULE OF ONLINE TENDER

**ई–निविदा क्रमांक 11775–1/25/03/2026**

| S.No. | Particular | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Online Bid Publishing Date & Time | 02.04.2026 Time 05.00 P.M. |
| 2. | Online Document Download/Sale Start Date & Time | 02.04.2026 Time 05.30 P.M. |
| 3. | Online Bid Submission Start Date & Time | 02.04.2026 Time 06:00 P.M. |
| 4. | Online Bid Submission Closing Date & Time | 22.04.2026 Time 12:00 P.M. |
| 5. | Online Bid Opening Date & Time | 23.04.2026 Time 12:30 P.M. |

## DETAILS OF REQUIRED C. R./X-RAY FILM

**प्रपत्र–अ**

| S.No. | Name of Item | Size | Pack Size | Requirement |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | **C.R. Film for C.R. System of MRI Machine CR Film must be Compatiable with Carestream printer** | **14x17** | **125 Films Pkt.** | **120 Pkts.** |
| **2.** | **C.R. Film for C.R. System of X-Ray Machine CR Film must be Compatiable with Carestream printer** | **8x10** | **125 Films Pkt.** | **48 Pkts.** |

**Format-A**

# Compulsory Format to Submit (Documents)

## तकनीकी बिड हेतु प्रपत्र

| स.क्र | तकनीकी मापदण्ड हेतु अनिवार्य दस्तावेज | निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो का विवरण |
|---|---|---|
| | | संलग्न हॉ / नही |
| 1. | www.mptenders.gov.in पोर्टल पर इलैक्ट्रोनिक पद्धति से निर्धारित राशि रूपये 75,000 / – ऑनलाईन जमा धरोहर राशि की पावती। | |
| 2. | धरोहर राशि एवं निविदा फॉर्म राशि की छूट प्राप्त करने वाले निविदादाताओं को म.प्र. राज्य का एम.एस.एम.ई. प्रमाण पत्र स्वयं सत्यापित कर प्रस्तुत करना होगा। | |
| 3. | ई–निविदा पोर्टल पर एम.एस.एम.ई. की छूट प्राप्त करने पर वाले निविदादाता को ऑनलाईन जमा जी.एस.टी राशि की पावती प्रस्तुत करना होगा। | |
| 4. | निविदा प्रपत्र सील एवं हस्ताक्षर सहित | |
| 5. | फर्म / कंपनी के जीवित रजिस्ट्रैशन की स्वयं सत्यापित छायाप्रति। | |
| 6. | पेन कार्ड की स्वयं सत्यापित छायाप्रति। | |
| 7. | जी.एस.टी. रजिस्ट्रैशन की स्वयं सत्यापित छायाप्रति। | |
| 8. | निविदाकार को विगत 03 माह अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर 2025 के जी.एस.टी. रिटर्न जैसे जी.एस.टी.आर–1 की स्वयं सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। | |
| 9. | निविदाकार को विगत 03 माह अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर 2025 के जी.एस.टी. रिटर्न जैसे जी.एस.टी.आर–3बी की स्वयं सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। | |
| 10. | वर्ष 2022–2023, 2023–2024 एवं 2024–2025 के लिये सी.ए. द्वारा टर्नओवर सार्टिफिकेट। with **CA Signature:** Official seal, signature and Unique Document Identification Number (UDIN). | |
| 11. | वित्तीय वर्ष 2022–2023, 2023–2024 एवं 2024–2025 के स्वयं सत्यापित आई.टी. रिटर्न की प्रतियॉ। | |
| 12. | Format A **(01 पेज)** | |
| 13. | Format B **(01 पेज)** | |
| 14. | Format C रूपये 100 / – का नॉन–ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर निर्धारित घोषणा पत्र **(01 पेज)** | |
| 15. | Format D Valid Authorization Certificate (Valid Till 31.03.2027). Format-D not required if manufecturer participate in tender. | |
| 16. | **Quality Certifications:** Proof of quality standards, such as ISO, ISI, BIS, USFDA, or EU-CE certificates for the films. | |

निविदादाता फर्म का नाम अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर सील सहित

# <u>निविदा की नियम एवं शर्तें</u>

वर्ष 2026–2027 के लिये संलग्न सूची अनुसार गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग में एम.आर.आई. मशीन एवं एक्सरे मशीन के साथ संलग्न **सी.आर. मशीन प्रिंटर (मेक–केयरस्ट्रीम)** में उपयोग होने वाली सी.आर./एक्सरे फिल्मों के क्रय के लिये दर अनुबंध कराये जाने हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न शर्तो के साथ आमंत्रित की जाती हैः–

1. निविदा पत्र म.प्र.शासन की वेबसाईट www.mptenders.gov.in से दिनांक 02.04.2026 से ऑनलाईन डाउनलोड कर क्रय किये जा सकते है।
2. निविदायें केवल ऑनलाईन ही क्रय की जा सकेगी एवं ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी। कार्यालय से मैन्युअली निविदा फॉर्म न तो विक्रय किया जावेगा और न ही मैन्युअली जमा किया जावेगा।
3. यदि निविदा शर्तो एवं दिनांक में कोई संशोधन अथवा समय वृद्धि किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो वह www.mptenders.gov.in के माध्यम से ही ऑनलाईन की जावेगी। इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में संशोधन सूचना जारी नही की जावेगी।
4. अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनका एक प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है। इस हेतु उन्हें अलग से कोई सूचना नही दी जावेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को शासन द्वारा अवकाश की घोषणा कर दी जाती है तो प्राप्त निविदायें आगामी कार्यदिवस में खोली जावेंगी।
5. निविदा दो बिड पद्वति (Two Bid System) के आधार पर ही होगी। जो क्रमशः तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेजो संबंधी) एवं वित्तीय निविदा (दरों संबंधी) के रूप में होगी।
6. प्रथमतः जिन निविदादाताओं की ऑनलाईन धरोहर राशि एवं निर्धारित आवश्यक दस्तावेज प्राप्त होंगे उन्ही निविदादाताओं की ऑनलाईन वित्तीय निविदायें खोली जावेगी। जिन निविदादाताओं द्वारा निर्धारित धरोहर राशि एवं आवश्यक पूर्ण दस्तावेज संलग्न नही किये जावेंगे। उन्हें अयोग्य मान्य किया जावेगा।
7. निविदादाता द्वारा ऑनलाईन प्रस्तुत कोई भी दस्तावेज गलत या कूटरचित पाये जाने पर उसकी निविदा निरस्त की जाकर उसकी धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी एवं उसका/उसकी संस्था/फर्म का नाम काली सूची में डाल दिया जावेगा।
8. तकनीकी निविदायें पूर्ण पाई जाने के उपरांत ऑनलाईन वित्तीय निविदायें खोलने की दिनांक से पृथक से ऑनलाईन माध्यम से सूचना निविदादाता को प्राप्त होगी।
9. निविदादाता को निर्धारित पोर्टल www.mptenders.gov.in पर दरे निर्धारित बी.ओ.क्यू. पर ऑनलाईन अपलोड कर प्रस्तुत करनी होगी। निविदादाता द्वारा दरों का ऑफलाईन रूप से प्रस्तुत लिफाफा मान्य नही किया जावेगा।
10. दरों की बी.ओ.क्यू. आईटम रेट प्रकार की है अर्थात् समस्त दरों के कुल योग के आधार पर न्यूनतम दरों का चयन किया जावेगा।
11. दरे भारतीय मुद्रा में ही स्वीकार्य होगी।
12. जी.एस.टी. टैक्स सहित प्रस्तुत दरे मान्य नही होगी।
13. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरे एफ.ओ.आर. **(Free on Rail** or **Free on Road)** कॉलेज स्टोर होना चाहिये। अतिरिक्त कोई भी भाडा/ट्रांसपोर्टेशन/अन्य कोई भी शुल्क अतिरिक्त देय नही होगा।

14. निविदादाता को दरों के बी.ओ.क्यू. में दरे प्रस्तुत करने के उपरांत कॉलम 53 में जो राशि अंकित होगी उसी पर जी.एस.टी. की गणना कर टैक्स राशि रूपये में कॉलम नं. 51 में प्रस्तुत करना होगी तभी राशि पर जी.एस.टी. टैक्स की सही गणना होगी। यदि निविदादाता द्वारा इसका पालन नही किया जाता है और ऐसी स्थिति में उसकी दरे न्यूनतम होती है तो भी टैक्स की उचित गणना ना होने के कारण उसकी निविदा दरे मान्य नही होगी। इस बिंदु का निविदादाता विशेष रूप से ध्यान रखें।

15. क्रय की जाने वाली सी.आर.फिल्मों का विवरण **प्रपत्र अ** में अंकित है। प्रपत्र अ में अंकित सी.आर. फिल्मों की मात्रा अनुमानित है जिसकी संख्या में 30 प्रतिशत की कमी या वृद्धि संभावित होगी।

16. निविदा में स्वीकृत दरों से कम दरे निविदादाता किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में प्रस्तुत नही करेगा।

17. निविदादाता द्वारा जिस मेक (कंपनी) की दरे प्रस्तुत की जावेगी उस मेक (कंपनी) का वैध अधिकृत प्रमाण पत्र संलग्न होने पर ही प्रस्तावित दरे मान्य की जावेगी।

18. निविदा की दरे बी.ओ.क्यू. खोले जाने की दिनांक से 31.03.2027 तक की अवधि के लिये मान्य होगी। आवश्यकतानुसार दरों की वैधता अधिकतम 03 माह के लिये बढाई जा सकेगी। परंतु इस अवधि में दरों में कोई भी वृद्धि मान्य नही होगी।

19. निविदादाता को दरे स्वीकृती संबंधी सूचना प्राप्त होने के उपरांत 07 दिवस में दर अनुबंध निष्पादित करने हेतु निर्धारित राशि के स्टॉम्प अपने व्यय पर कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे साथ ही स्वीकृत निविदा राशि का 3 प्रतिशत बतौर जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक अधिष्ठाता, गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर के नाम से जमा करानी होगा।

20. समस्त निविदादाताओं द्वारा निविदा के साथ इलैक्ट्रोनिक पद्धति से ऑनलाईन जमा धरोहर राशि रूपये निविदा स्वीकृती के उपरांत स्वतः उनके बैंक खाता क्रमांक (जिस बैंक खाते से भुगतान किया गया है) में पोर्टल के माध्यम से वापिस प्राप्त होगी।

21. निविदादाता द्वारा निविदा में प्रस्तुत उसी कंपनी की सी.आर. फिल्मों की दरे मान्य की जावेगी जिसके प्रदाय हेतु वह अधिकृत है।

22. क्लोज सिस्टम सी.आर. फिल्मों के प्रदाय हेतु एक ही निविदादाता द्वारा दरें प्रस्तुत करने की स्थिति में वह मान्य की जावेगी। बशर्ते मशीन निर्माता कंपनी/भारत में निर्माता कंपनी द्वारा अधिकृत फर्म ने निविदादाता को अधिकृत प्रमाण पत्र जारी किया गया हो एवं वह उसके द्वारा निविदा के अनिवार्य दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया गया हो।

23. निविदा में स्वीकृत (सूची अनुसार) किसी भी मेक की सी.आर. फिल्मों की दरे मेडिकल कार्पोरेशन भोपाल में स्वीकृत होने की दशा में निविदादाता से सी.आर. फिल्मों के क्रय की बाध्यता नही होगी भले ही सी. आर. फिल्मों की दरे निविदा में स्वीकृत दरों से अधिक या कम हो। इस संबंध में निविदादाता की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

24. शासन द्वारा लागू क्रय नीति के पालन में शासन की अधिकृत एजेंसी/संस्था में सी.आर. फिल्मों की दरे उपलब्ध होने पर निविदादाता से स्वीकृत दरों पर क्रय की बाध्यता नही होगी। भले ही शासन की अधिकृत एजेंसी/संस्था में उपलब्ध/स्वीकृत दरे निविदा में स्वीकृत दरों से कम या अधिक हो।

25. शासन से जारी निर्देशों/आदेश के पालन में सी.आर. फिल्मों के ऑनलाईन आदेश जारी करने पर निविदादाता को उसे स्वीकार करना होगा एवं इस हेतु उसे सी.आर. फिल्मों के प्रदान करने के उपरांत मटेरियल रिसीव सार्टिफिकेट भी ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा। जिसका प्रोफॉर्मा अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निर्धारित किया जावेगा।

26. निविदादाता को जारी क्रय आदेश का न्यूनतम मूल्य रूपये 1,000/— होने पर भी स्वीकृत सी.आर. फिल्मों को आदेश में अंकित समयावधि में प्रदाय करना अनिवार्य होगी अन्यथा जमा धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी एवं निविदादाता की फर्म का नाम 03 वर्ष के लिये संस्था की काली सूची में डाल दिया जावेगा।

27. निविदादाता को जारी आदेश के विरूद्ध प्रदाय सी.आर. फिल्मों के देयक के साथ चालान की प्रति एवं एन.एल.बी.एल. रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिस सामग्री हेतु एन.ए.बी.एल. रिपोर्ट अनिवार्य नही है उस सामग्री के प्रदाय के साथ एन.ए.बी.एल. रिपोर्ट अनिवार्य नही होगी।

28. निविदादाता द्वारा प्रदाय की गई सी.आर. फिल्मों की पैंकिंग लूज होने अथवा पैकिट कटा, फटा, होने पर वापिस की जावेगी जो कि उसे स्वयं अपने व्यय पर स्टोर से उठवानी होगी एवं उसका कोई भी भुगतान देय नही होगा।

29. निविदादाता को निविदा निरस्तीकरण के कारण बताये जाने के बारे में कोई अधिकार नही होंगा।

30. निविदादाता को सामग्री के प्रदाय उपरांत उसके देयक दो प्रतियों में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

31. निविदादाता के देयक में से नियमानुसार आयकर एवं जी.एस.टी. टी.डी.एस. का कटौत्रा किया जावेगा।

32. निविदादाता द्वारा प्रदाय की जाने वाली सी.आर. फिल्मों की डिलेवरी समस्त खर्चे मिलाकर एफ0ओ0आर0 गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर होगी।

33. निविदादाता महाविद्यालय में स्वीकृत दरों के आधार पर अन्य संस्थाओं से क्रय आदेश प्राप्त नही कर सकते है।

34. प्रदायगी आदेश प्राप्त होने के अधिकतम 15 दिवस के अंदर स्वीकृत दरदाता को आदेशित सी.आर. फिल्मों का प्रदान करना अनिवार्य होगा। निश्चित समयावधि में सी.आर. फिल्मे प्रदान ना करने पर 05 दिवस का अंतिम समय दिया जावेगा। इस अवधि में भी सी.आर. फिल्मे प्रदान ना करने पर निविदादाता की जमानत राशि राजसात कर उसकी फर्म का नाम 03 वर्षो के लिये संस्था की काली सूची में डाल दिया जावेगा।

35. आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये सी.आर. फिल्मों के प्रदाय करने की अवधि कम भी की जा सकती है जो कि स्वीकृत दरदाता को मान्य होगी।

36. निविदादाता की फर्म का नाम किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग की काली सूची में अंकित होने की स्थिति में उसकी निविदा मान्य नही की जावेगी।

37. अधिष्ठाता को पूर्ण अधिकार होगा कि वह निविदा को किसी भी चरण में निरस्त कर सकेंगे।

38. उपरोक्त निविदा शर्तो के अतिरिक्त क्रयादेश जारी करने के दौरान अन्य कोई व्यवहारिक समस्या उत्पन्न होने पर अन्य निविदा शर्ते लागू करने की स्थिति में निविदा को वह शर्ते मान्य करनी होगी। इस हेतु उसकी कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

39. निविदादाता द्वारा उपरोक्त निविदा शर्तो के आधार पर निविदा दरे प्रस्तुत करने पर यह मान्य किया जावेगा कि वह निविदा शर्तो से सहमत है।

40. समस्त प्रक्रिया में अधिष्ठाता, गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय का निर्णय अंतिम एवं सभी को मान्य होगा।

41. समस्त विवादों के निराकरण हेतु न्यायालय क्षेत्र ग्वालियर होगा।

**निविदा शर्ते एवं सह दस्तावेज— 09 पृष्ठ**

अधिष्ठाता
गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय
ग्वालियर(म0प्र0)

**FORMAT-B**

# सी.आर फिल्मों के क्रय हेतु दर अनुबंध

**प्रति,**

अधिष्ठाता,
गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय,
ग्वालियर

**विषयः**— गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के अधीन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग में स्थापित सी.आर. सिस्टम हेतु सी.आर./एक्सरे फिल्मों के क्रय हेतु दर अनुबंध।

**महोदय,**

मेरे द्वारा गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर के विभागों के लिये संलग्न सूची अनुसार आवश्यक सी.आर./एक्सरे फिल्मों के प्रदाय संबंधी दर अनुबंध हेतु www.mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित ई–निविदा पर उपलब्ध निविदा फार्म में उल्लेखित सभी शर्तो को भली भॉति पढ एवं समझ लिया गया है एवं निविदा फार्म में अंकित समस्त शर्ते मुझे स्वीकार है। जिसके फलस्वरूप मैं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत कर रहा हूॅ। मेरी फर्म के संबध में जानकारी निम्नानुसार हैः–

| स.क्र. | वांछित जानकारी | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | निविदादाता का पूरा नाम | |
| 2. | पिता का नाम | |
| 3. | निविदादाता फर्म का पंजीयन नं. | |
| 4. | पत्राचार का पूर्ण पता पिन कोड नं. सहित | |
| 5.. | स्थायी पता | |
| 6. | ई–मेल/फैक्स नं. | |
| 7. | दूरभाष/मोबाईल नं. | |
| 8. | पेन नं. | |
| 9. | जी.एस.टी. नं. | |
| 10. | बैंक खाता क्रमांक (फर्म के नाम) | |
| 11. | बैंक का नाम | |
| 12. | खाते का प्रकार | |
| 13. | बैंक शाखा का नाम एवं पूर्ण पता | |
| 14. | बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोड | |

निविदादाता फर्म का नाम अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर सील सहित

# घोषणा पत्र (शपथ पत्र)

## (रूपये 100/–के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत किया जावे)

1. मैं/ हम भारत का/के नागरिक हूँ/हैं।
2. मैं/ हम भारतीय संविदा अधिनियम के अनुसार निविदा कार्य के लिये सक्षम हूँ/है।
3. मुझे/हमें म.प्र. शासन के किसी भी विभाग द्वारा निविदा कार्य से बहिष्कृत नही किया गया है।
4. मैं/ हम किसी ऐसे प्रदायकर्ता/फर्म, जो कि मध्यप्रदेश शासन के किसी विभाग द्वारा वर्तमान में बहिष्कृत हो, का न तो अभिकर्ता हूँ/हैं और न ही उसके लिये कार्य करता हूँ/करते हैं।
5. मेरे/हमारे द्वारा निविदा की शर्तो के अलावा अन्य कोई शर्ते प्रस्तुत नही की गई है। यदि अन्य कोई शर्ते प्रस्तुत की गई है तो उसे अमान्य माना जावे।
6. मेरा/हमारा गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर एवं संबद्ध जयारोग्य चिकित्सालय समूह, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्वालियर के किसी अधिकारी/कर्मचारी से संबंध नही है।
7. मेरे/हमारे द्वारा निविदा में प्रस्तुत दरों से कम दरे मध्यप्रदेश राज्य के किसी संस्था या कार्यालय में प्रस्तुत नही की गई है।
8. हमारी फर्म/संस्था को सी.बी.आई./लोकायुक्त/अन्य शासकीय कार्यालय द्वारा किसी भी जॉच में दोषी सिद्ध नही किया गया है, और ना ही दण्डित किया गया है।
9. मेरे द्वारा बिंदु क्रमांक 01 से 09 तक प्रस्तुत जानकारी सही है। असत्य पाये जाने पर मेरे विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही किये जाने पर मै स्वयं उत्तरदायी रहूँगा।

**गवाह के हस्ताक्षर** निविदादाता के हस्ताक्षर सील सहित

1. गवाह का नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मोबाईल नं

2. गवाह का नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मोबाईल नं

स्थान : ................................

दिनांक : ...............................

# Compulsory Format to Submit

**FORMAT-D**

## MANUFACTURER'S AUTHORIZATION LETTER

**To,**

THE DEAN
GARARAJA MEDICAL COLEGE,
GWALIOR.

**Dear Sir,**

**Tender For Supply of: ---------------------------------------------**

**Against Tender No. 2026_DME-494544_1**

We-----------------------------an established and reputable Manufacturers/ Importer (in India) of ----------------------etc. having factories at ------------------------------do hereby agree to supply -------------------- confirming to the required specification to -------------------------- (Bidder) as offered by them to supply against the above stated Tender. This is also certified that -------------------------------------- is our authorized distributor/ importer since over 3 years (month & year should filled), and his performance is satisfactory.

We hereby extend our full guarantee and warranty as per Tender terms and Conditions for the supply against this invitation for Bid by the above firm. If the terms not honored by the bidder. our company will take the responsibility for supply/sales/servicing as per your tender terms.

**Yours faithfully,**
**(Company Authorized Person Name, Designation, Contact No., Mail Id,  Signature with Seal)**

For ________________________

Name: ______________________

निविदादाता के हस्ताक्षर सील सहित

Signature Not Verified

Digitally signed by RAM KRISHAN SINGH DHAKAD
Date: 2026.03.31 16:47:15 IST
Location: Madhya Pradesh-MP